# ग्राम पांगरी मतदान केन्द्र . 302 के बीएलओ द्वारा शत् प्रतिशत डिजिटाईजेशन

**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि मतदाता सूची से संबंधित सभी कार्य पारदर्शी और त्रुटिरहित हो। जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हर्ष सिंह के मार्गदर्शन में विशेष गहन पुनरीक्षण.2026 ;एसआईआर का कार्य लगातार तेजी से आगे बढ़ रहा है एवं निर्वाचन कार्य में संलग्न समस्त अधिकारी और कर्मचारी लगातार फील्ड में सक्रिय रहते हुए अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे है। साथ ही एसआईआर कार्यों की नियमित समीक्षा भी की जा रही है ताकि निर्धारित समय.सीमा में और उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण हो सके। इसी कड़ी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों.कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जा रहा है।

विधानसभा क्षेत्र.179 नेपानगर अंतर्गत ग्राम पांगरी के मतदान केन्द्र. 302 के बीएलओ प्रकाश सिंह राठौड़ द्वारा एसआईआर के तहत शत् प्रतिशत गणना पत्रकों का डिजिटाईजेशन कार्य पूर्ण करने पर अपर कलेक्टर वीरसिंह



चौहान एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश पाटीदार द्वारा शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर बीएलओ प्रकाश सिंह राठौड़ ने अपनी कार्य पद्धति बताते हुए कहा किए मैंने एसआईआर का कार्य पूरे समर्पण के साथ किया। इस कार्य में मेरे वरिष्ठ अधिकारियों का मुझे लगातार मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा,जिससे मुझे सही दिशा मिली। मैं अपने क्षेत्र के सभी मतदाताओं से लगातार संपर्क में रहा एवं उन्हें एसआईआर संबंधी समस्त जानकारियों से अवगत कराया। वहीं मैंने अपने बूथ से जुड़ा पूरा डेटा पहले ही निकालकर रख लिया था, जिससे आगे का काम आसान हो गया। इसके बाद मैंने घर.घर जाकर गणना पत्रक भरवाएं और सुनिश्चित किया कि कोई भी मतदाता सूची से वंचित न रहे। बीएलओ प्रकाश सिंह राठौड़ ने कहा कि इस कार्य में मुझे अपने सहयोगियों का भी पूरा सहयोग मिला। सबके सहयोग और सही मार्गदर्शन से , मैं डिजिटाईजेशन का कार्य शीघ्र पूरा कर सका।

## मांडवा,बाकड़ी में पलायन समस्या , नेटवर्क से प्रभावित काम

**नेपानगर।** मतदाता सूची पुनरीक्षण 2026 के तहत जिलेभर में गणना पत्रक भरने का काम चल रहा है। इस दौरान अफसर फील्ड में पहुंचकर विजिट भी कर रहे हैं। सोमवार को जनजातीय विभाग के सहायक आयुक्त भारत जांचपुरे मांडवा, बाकड़ी क्षेत्र में निरीक्षणा के लिए पहुंचे। इस दौरान बीएलओ को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सहायक आयुक्त ने बताया विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान मांडवा, बाकड़ी के आठ बूथों का निरीक्षण किया गया। बीएलओ से हर बूथ पर पहुंचकर चर्चा की गई। काम समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। काम न करने पर कार्रवाई की भी चेतावनी दी गई है।

**आठ केंद्रों पर आ रही नेटवर्क की समस्या:**-सहायक आयुक्त ने बताया कि मांडवा और बाकड़ी क्षेत्र में आठ बूथ हैं, लेकिन यहां सभी जगह नेटवर्क की समस्या आ रही है। बीएलओ ने हर जगह यही परेशानी बताई। वहीं पलायन के कारण भी यहां मतदाता न मिलने से दिक्कतें आ रही है। इससे भी इस क्षेत्र का काम खासा प्रभावित हो रहा है, लेकिन बीएलओ को ताकीद की गई है कि इस काम को प्राथमिकता के साथ करें। जन शिक्षक राजेश कापड़े ने बताया कि नेटवर्क नहीं मिलने के कारण अधिकांश बीएलओ आंगनवाड़ी केंद्र की छत पर पहुंचकर एसआईआर का काम कर रहे हैं। गणना पत्रक भरे जा रहे हैं। सहायक आयुक्त ने मौके पर पहुंचकर यह स्थिति देखी। इसी बीच कुछ केंद्रों पर लापरवाही भी सामने आ रही है, उन्हें लगातार नोटिस जारी किए जा रहे हैं तो वहीं जहां बेहतर काम हो रहा है उन बीएलओ को प्रशासन की ओर से पुरस्कृत भी किया जा रहा है। अब तक नेपानगर विधानसभा में करीब 62 फीसदी से अधिक फीडिंग का काम होने की बात कही जा रही है। अफ्सरों द्वारा लगातार मौके पर पहुंचकर कार्य की मॉनिटरिंग की जा रही है।

## एक नजर में

### सीसीआई खरीदेगा बुरहानपुर के किसानों की कपास : अर्चना चिटनिस



**बुरहानपुर।** बुरहानपुर कृषि उपज मंडी क्षेत्र के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा सुनिश्चित की गई है। भारतीय कपास निगम लिमिटेड ;सीसीआईद्ध की बुरहानपुर जिले में जिनिंग फैक्ट्री उपलब्ध न होने के कारण यहाँ कपास खरीदी केन्द्र संचालित नहीं हो रहा था। ऐसे में किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ दिलाने हेतु विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस की पहल पर वैकल्पिक व्यवस्था लागू की गई है। इस निर्णय को लागू करने में सक्रिय भूमिका निभाने में कलेक्टर एवं संबंधित अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि आगामी वर्ष में बुरहानपुर में ही कपास खरीदी केन्द्र प्रारंभ कराने हेतु सभी प्रयास किए जाएंगे।

सीसीआई द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिन किसानों ने कपास किसान मोबाइल एप पर समर्थन मूल्य पर कपास विक्रय हेतु पंजीयन कराया है, उनकी उपज अब सीसीआई खण्डवा केन्द्र पर खरीदी जाएगी। बुरहानपुर क्षेत्र के सभी पंजीकृत किसानों की मैपिंग खण्डवा केन्द्र के लिए कर दी गई हैए जिससे उन्हें खरीदी प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। सीसीआई के निर्देशानुसार कपास किसान एप पर स्लॉट बुकिंग सोमवार से शुक्रवार प्रात: 11 बजे अवकाश को छोड़कर उपलब्ध रहेगी। किसान स्लॉट बुक कर निर्धारित तिथि पर अपनी उपज खंडवा केन्द्र पर ले जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए किसान सीसीआई खण्डवा केन्द्र के अधिकारी चन्द्रकिशोर मो.7972150220 से संपर्क कर सकते हैं।

विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि किसानों को समर्थन मूल्य का संपूर्ण लाभ मिलना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बुरहानपुर में जिनिंग फैक्ट्री न होने के बावजूद किसी भी किसान को अपनी उपज बेचने में कठिनाई न आए, यह सुनिश्चित किया गया है। भविष्य में किसानों के हित में हर संभव कदम उठाए जाते रहेंगे।

### ऑपरेशन मुस्कान विशेष अभियान के तहत विभिन्न स्कूल कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम



**बुरहानपुर।** महिला सुरक्षा शाखा,पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में मुस्कान विशेष अभियान का शुभारंभ दिनांक 01 नवम्बर 2025 से किया गया है, जो 30 नवम्बर 2025 तक संचालित रहेगा। इसी अनुक्रम में जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतरसिंह कनेश ,नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल,डीएसपी महिला सुरक्षा शाखा प्रीतम सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में ष्मुस्कान विशेष अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न विद्यालयों, छात्रावास में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल इंपेरियल स्कूल थाना शिकारपुरा व शासकीय सावित्रीबाई फुले कन्या विद्यालय थाना कोतवाली क्षेत्र में मुस्कान अभियान जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित होकर बच्चों को जागरूकता के संबंध में दी टिप्स। डीएसपी,महिला सुरक्षा शाखा प्रभारी प्रीतम सिंह ठाकुर एवं स्टाफ द्वारा शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना गणपति से उप.निरीक्षक किशोर सिंह मोहनिया एवं स्टाफद्वारा सेंट टेरेसा हाई सेकेंडरी स्कूल आलमगंज में अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। अधिकारियों द्वारा अध्ययनरत बालक बालिकाओं को महिला संबंधी अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई को श्गुड टचद्बैड टचश् के संबंध में जानकारी दी गई। बाल अधिकार सुरक्षा, नवीन भारतीय न्याय संहिता,बाल विवाह,साइबर क्राइम से बचाव एवं मदद के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों से संवाद कर उनकी शंकाओं का समाधान भी किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी शिकारपुरा विक्रम चौहान थाना प्रभारी कोतवाली सीताराम सोलंकी विद्यालयों के शिक्षकगणए बालक.बालिकाएँ उपस्थित रहीं। बुरहानपुर पुलिस द्वारा यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। जिससे बच्चों में जागरूकता बढ़ाई जा सके और उन्हें सुरक्षित वातावरण मिल सके।

### भावांतर योजना में सोयाबीन भी 4282 रुपए

**बुरहानपुर।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 24 नवंबर को 4282 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। रविवार 23 नवंबर को भी यही रेट जारी हुआ था। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। सोयाबीन का पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए,9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए,12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए, 16 नवंबर को 4234 रुपए,17 नवंबर को 4236 रुपएए,18 नवंबर को 4255 रुपए,19 नवंबर को 4263 रुपए, 20 नवंबर को 4267 रुपए, 21 नवंबर को 4271 रुपए और 22 नवंबर को 4285 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था। राज्य सरकार की गारंटी है कि किसानों को हर हाल में सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य की 5328 रुपए प्रति क्विंटल की राशि मिलेगी।

### देडतलाई में नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**बुरहानपुर।** ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा 24 नवम्बर सोमवार को बॉम्बे क्लीनिक,देडतलाई, बुरहानपुर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में 65 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य का लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉण् निखिल थरकडे मूत्र रोग विशेषज्ञ,डॉ.अकरम खान अस्थि रोग विभाग,डॉ.इल्का सिद्दीकी ; स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग एवं कुमारी श्रुति द्विवेदी ;नेत्र रोग विभाग के द्वारा नि:शुल्क परामर्श एवं इस मौसम में होने वाली स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का परामर्श दिया गया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रखने की सलाह दी। सभी मरीजों का नि: शुल्क जनरल चेकअप, ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर की जाँच की गई। ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे जी के दिशा निर्देशन मेंए एवं ऑल इज़ वैल हॉस्पिटल के स्टाफके सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का सफ्ल आयोजन किया गया।

## डाभियाखेड़ा में 10 से अधिक खेतों से केबल चोरी



**नवभारत न्यूज,**

नेपानगर। क्षेत्र में खेतों से केबल चोरी की वारदातें हो रही है। रविवार देर रात डाभियाखेड़ा क्षेत्र में भी अज्ञात बदमाशों ने 10 से अधिक किसानों के खेतों से केबल चोरी की वाारदात को अंजाम दिया।

अज्ञात बदमाश डाभियाखेड़ा ग्राम पंचायत की मोटर से भी केबल चुरा ले गए। ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि राजेश कास्डेकर ने बताया देर रात पंचायत की मोटर की केबल भी चोरी हुई इससे गांव में जल वितरण प्रभावित हो गया। सोमवार दोपहर मोटर सुधरने के बाद जल वितरण किया जा सका।

## शहर में चल रहे निर्माणाधीन चैनेलाइजेशन नालों का किया निरीक्षण

### निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने के दिए निर्देश : महापौर माधुरी पटेल

नवभारत न्यूज,

**बुरहानपुर।** नगर निगम बुरहानपुर के महापौर माधूरी अतुल पटेल द्वारा शहर के निर्माणाधीन चैनेलाइजेशन नालों जैसे भीकू कलाल चौराहे से पीपल घाट नागझिरीए सिंधीपुरा नालाए सिंधीपुरा से लोहारमंडी नाले का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री शहरी आधोसंरचना विकास अंतर्गत भीकू कलाल चौराहे से पीपलघाट नागझिरी तक नाला निर्माण कार्य प्रारंभ होकर अंतिम चरण में है जिसकी लागत राशि 2.70 करोड़। एसडीएफएम मद से



सिंधीपुरा नाला निर्माण कार्य प्रारंभ है जिसकी राशि रुपए 2.26 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य किया जा रहा है। सिंधीपुरा गेट से लोहार मंडी होते हुए मेन रोड तक एवं जमालपुरा तक नाला निर्माण कार्य प्रारंभ होकर अंतिम चरण में है जिसकी निर्माण कार्य की राशि 3.21 करोड़ रु लागत है

नगर निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल द्वारा निगम यंत्री टीम के साथ उक्त सभी निर्माणाधीन नालों के निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी लेकर भीकू कलाल चौराहे से पीपल घाट नागझिरी के पास चल रहे नाले के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा महापौर द्वारा निगम टीम के साथ सभी नालों के निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी लेकर कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने निर्माण संबंधी कार्यों में तेजी दिखाते हुए इसे शीघ्र पूरा करवाएं। महापौर द्वारा अधिकारियों को कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि आमजन की परेशानी दूर करने के लिए संवेदनशीलता के साथ नालों के सुधार किया जाये। उन्होंने जे एम सी कंपनी के अधिकारियों तथा निगम कार्यपालन यंत्री को शहर के सभी नालों के सुधार एवं कार्य तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निगम महापौर श्रीमती माधूरी अतुल पटेल ,पुर्व महापौर अतुल पटेल, निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव,निगम कार्यपालन यंत्री प्रेम कुमार साहू ,उपयंत्री गोपाल महाजन निगम के इंजिनियर,विक्रांत भरकुंवर जे एम सी कंपनी के अधिकारी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## संगोष्ठी में काव्य एवं गीतों की बही बयारें ..देखो कितनी जल्दी .जल्दी

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मध्य प्रदेश लेखक संघ एवं कराओके सिंगिंग क्लब बुरहानपुर के संयुक्त तत्वाधान 23 नवंबर रविवार डॉ.रमेशचंद्र शर्मा धुआंधार के निवास स्थान पर काव्य एवं गीत संगोष्ठी का आयोजन संपन्न हुआ । संगोष्ठी का शुभारंभ वरिष्ठ गीतकार ठाकुर वीरेंद्र सिंह चित्रकार द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ । नवोदित कवि दीपक सलूजा ने. वक्त है वक्त का करना लिहाज करना सीख लो,वक्त के लिए कई सवाल लिए बैठा हूं कविता प्रस्तुत की गई। संतोष परिहार द्वारा बदलते वक्त को लेकर व्यंग्य कविता. उल्टी बह रही बयारें देखो कितनी जल्दी.जल्दी कविता का पाठ किया गया। गज़लकार संदीप शर्मा निर्मल द्वारा ने . मैं जो ठुकरा दिया तो बिखर जाऊंगा गज़ल पेश की गई। शायर मोहित शर्मा ने.उसे ही याद करके हर घड़ी आंसू बहता था,तुम्हारे जी रवैया पर मैं मिलकर मुस्कुराता था ,गज़ल प्रस्तुत की,कवयित्री भावना सोनी द्वारा किसी ने मुझसे पूछा कैसे हो आप, हमने कहा मुस्कुराते बहुत है मगर आंखें नम है । कविता एवं गीतकार ठाकुर वीरेंद्र सिंह चित्रकार ने. बात तो करो,थोड़ा बात तो करो, ऐसे रूठा ना



करो कोई बात तो करो गीत द्वारा संगोष्ठी को नई ऊंचाइयों प्रदान की गई। हास्य कवि डॉ.रमेशचन्द्र शर्मा धुआंधार द्वारा व्यंग श्रणिकाएं प्रस्तुत कर की गई । दूसरा सत्र गीत गायन को समर्पित गीत गाता चल समूह के गायक पराग शुक्ल, अनिल देवरे, अभिजीत देशपांड, सुनील सलूजा, हेमंत खेडेकर,रोहित लोधे, मालती गुज़र, उदिता देशपांडे द्वारा गीत प्रस्तुत किए गए। संगोष्ठी की अध्यक्षता ठाकुर वीरेंद्र सिंह चित्रकार ने की। काव्य सत्र का संचालन डॉ.रमेशचन्द्र शर्मा धुआंधार एवं गीत संगोष्ठी का संचालन पराग शुक्ल ने किया। उपस्थित कवि गीतकार एवं सुधी श्रोताओं का आभार नंद किशोर जांगड़े में व्यक्त किया ।

## एसआईआर की जानकारी जन जन तक पहुंचे मुख्य उदेश्य : जैन

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुरहानपुर हर्ष सिंह के निर्देशानुसार डिस्ट्रिक्ट आइकोन महेंद्र जैन ने एसआईआर् विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत जन जन में जागरूकता हेतु संबोधित करते हुए शासकीय महाविद्यालयीन अनुसूचित जाती कन्या छात्रावास बुरहानपुर शासकीय सीनियर अनुजाति बालक छात्रावास सिन्धी बस्ती ए उत्कृष्ठ सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास बुरहानपुर में इस देश के उन युवाओ कौ एसआईआर के बारे में जानकारी दी की देश के प्रत्येक नागरिक कौ स् प्रक्रिया के बारे में जन जन तक जानकारी हो यही भारत देश के चुनाव आयोग का मुख्य उदेश्य है । जानकारी जन जन तक पहुचने से मतदाता को अपने नाम को विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया में दर्ज कराने में आसानी होगी स इसलिए आप अपने घरो के परिजनों के साथ साथ अपने आस पास के मतदाताओ से यह



कहे की सबसे पहले हम एसआई आर प्रक्रिया में अपना नाम दर्ज कराए उसके बाद सब काम करे। इस अवसर पर शासकीय महाविद्यालयीन अनुसूचित जाती कन्या छात्रावास बुरहानपुर वार्डन सीमा राठौर, शासकीय सीनियर अनुजाति बालक छात्रावास सिन्धी बस्ती छात्रावास अधीक्षक सम्राट सर,उत्कृष्ठ सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास बुरहानपुर होस्टल वार्डन सुरेश करोड़ा के साथ साथ बहुत बड़ी संख्या में मतदाताओ के परिवारों की युवा पीढ़ी इस अवसर पर मौजूद थी।

## वाहन चोर गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज,बुरहानपुर।** फरियादी भागवत पिता रविन्द्र टोंगडे निवासी ग्राम नायर ने थाने आकर रिपोर्ट की थी कि ग्राम डोईफोडिया से कोई अज्ञात व्यक्ति व्दारा फरियादी की मोटर सायकल चुराकर ले गया था ।फरियादी की रिपोर्ट पर थाना खकनार पर अपराध क्रमांक 531/2025 धारा 303,2 बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। दिनांक 23/11/2025 को थाना प्रभारी अभिषेक जाधव को मुखबीर की सूचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति चोरी की मोटर सायकल लेकर जा रहा है । महेन्द्र चौहान जाति बंजारा उम्र 20 साल ग्राम पाल जिला जलगांव महाराष्ट्र का बताया उक्त के संबंध में पुछताछ करते ग्राम डोईफेडिया से चोरी करना बताकर अपना जुर्म करना स्वीकार किया ।

## आरोपी सुखवीर व सियाराम से 2 हस्त निर्मित देशी पिस्टल जब्त

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** थाना लालबाग बुरहानपुर क्षेत्र में फरियादी सचिन पिता कैलाश माने निवासी चिंचाला लालबाग को तीन आरोपियो व्दारा देशी पिस्टल से जान से मारने की नियत से गोली चलाई जिस पर थाना लालबाग में अपराध आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध किया गया था ।

उक्त प्रकरण में आरोपियो को अवैध देशी पिस्टल एवं कारतुस सप्लाय करने के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई की थाना खकनार क्षेत्र के सिकलीगर व्दारा आरोपियो को अवैध पिस्टल व कारतुस सप्लाय किया गया है।



पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं सीएसपी गौरव पाटील, एसडीओपी नेपानगर निर्भय सिंह अलावा के मार्गदर्शन में थाना खकनार पुलिस को अवैध हथियार तस्कर को पकड़ने में सफ्लता प्राप्त हुई है । दिनांक 23/11/2025 को थाना प्रभारी अभिषेक जाधव को अवैध हथियार तस्कर के संबंध में मुखबीर सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति खकनार गोचरण रोड तरफ अवैध पिस्टल लेकर आने वाले है सूचना पर टीम बनाकर खकनार गोचरण रोड रवाना किया गया । खकनार गोचरण रोड तरफदो व्यक्ति रोड किनारे बैठे मिले जिन्हे हमराह फोर्स की मदद से घेराबन्दी कर पकड़ा ।

## एकलव्य मॉडल स्कूल में मॉडल यूथ ग्राम सभा



**नवभारत न्यूज,**

**नेपानगर।** एकलव्य मॉडल रेज़ि्डेंशियल स्कूल सातपायरी में मॉडल यूथ ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसने छात्रों को लोकतांत्रिक प्रणाली और ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली से रूबरू कराने का सशक्त मंच प्रदान किया। विद्यालय परिसर उत्साह, जिज्ञासा और अनुशासन से भर उठा जब विद्यार्थियों ने ग्राम सभा की प्रक्रियाओं का वास्तविक अनुभव करते हुए सक्रिय भागीदारी निभाई। मुख्य अतिथि सरला काटकर उपाध्यक्ष नगर पालिका नेपानगर रहीं।

साथ ही ग्राम पलासुर के सरपंच राजू कृष्ण वालकर, सचिव प्रेमसिंह, सहायक सचिव सखाराम ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर छात्रों को ग्रामीण प्रशासन, नेतृत्व और जिम्मेदार नागरिकता पर प्रेरक संदेश दिए। अतिथियों के विचारों ने बच्चों में आत्मविश्वास,सामाजिक समझ और नेतृत्व क्षमता को और प्रबल किया। प्राचार्य रत्नेश कुमार जायसवाल ने छात्रों की सक्रियता और उत्साह की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों को वास्तविक जीवन के लोकतांत्रिक अनुभव प्रदान करते हैं और भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में उन्हें मजबूत आधार देते हैं।

## एक नजर

### हाँ यह समस्या वास्तविक है, सुधार आवश्यक है : आयुक्त श्रीवास्तव

## बिना अनुमति मिलने पर आयुक्त नाराज, ताप्ती सेवा समिति ने ज्ञापन सौंपा





**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** नगर निगम कार्यालय बुरहानपुर में एक अनोखी घटना उस समय देखने को मिली जब ताप्ती सेवा समिति के सदस्य अचानक आयुक्त कार्यालय पहुँचे। बिना पूर्व अनुमति आने पर आयुक्त ने नाराज़गी व्यक्त की। इस पर समिति की अध्यक्ष सुश्री सरिता भगत ने विनम्र किन्तु प्रभावी शब्दों में कहा साहब यह वही दर्द है जो हम आपको बताने आए हैं। जिस तरह शहर में बिना सूचना सड़कें खोद दी जाती हैं, मार्ग बंद कर दिए जाते हैं,वैसे ही आज हम बिना सूचना आपके पास आए,ताकि आप नागरिकों की पीड़ा महसूस कर सकें।

अध्यक्ष ने बताया कि सुबह स्कूल बस, ऑटो, कार,कुछ भी निकल पड़े,नागरिकों को यह पता ही नहीं होता कि आगे सड़क बंद है। बिना सूचना बिना बैरिकेड, बिना चेतावनी बोर्ड, शहर के लोग गलियों और रास्तों में फँस जा रहे हैं। पूरा विषय विस्तार से जानने के बाद आयुक्त ने स्वीकार किया। हाँ यह समस्या वास्तविक है, सुधार आवश्यक है। उन्होंने समिति द्वारा दिए गए सभी सुझावों पर गंभीरता से अमल का आश्वासन दिया।

**ताप्ती सेवा समिति ने निम्न बिंदुओं के साथ ज्ञापन सौंपा :-** किसी भी सड़क की खुदाइ/बंद करने से 4 दिन पूर्व सार्वजनिक सूचना स्थानीय समाचारपत्र, सोशल मीडिया व निगम के माध्यम से अनिवार्य रूप से सूचना प्रसारित की जाए। कार्यस्थल पर दोनों सिरों पर बैरिकेड एवं स्पष्ट चेतावनी बोर्ड,बैनर पर लिखा हो। आगे सड़क निर्माण /खुदाई कार्य जारी ,मार्ग बंद है। कार्य प्रारंभ व संभावित पूर्णता तिथि का स्पष्ट उल्लेख। कार्य एजेंसी का नाम,साइट इंचार्ज का मोबाइल नंबर तथा शिकायत अधिकारी का नंबर प्रदर्शित किया जाए। स्वीकृत बजट/लागत को बैनर पर उल्लेखित किया जाए। ताकि पारदर्शिता बनी रहे। रात के समय रिफ्लेक्टर,चेतावनी लाइट और सुरक्षा मानकों का अनिवार्य पालन।

समिति सदस्य डॉ युसुफ खान ने अपनी बात में कहा कहा कि इस अव्यवस्था का सबसे गहरा असर स्कूली बच्चों, मरीजों, आम नागरिकों और कारोबारियों पर पड़ रहा है। यदि निर्माण कार्य व्यवस्थित व पारदर्शी तरीके से किया जाएएतो शहर की अधिकांश समस्याएँ समाप्त हो सकती हैं। ताप्ती सेवा समिति ने नगर निगम से मांग की है कि इन सुझावों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएए ताकि बुरहानपुर की सड़क व्यवस्था सुचारू हो सके और नागरिक सुरक्षित, सहज और बिना परेशानी के आवागमन कर सकें।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष अताउल्ला खान,धर्मेंद्र सोनीसचिव, बसंत पाल, अभय बालापुरकर, रियाज उल हक,इकबाल अंसारी तथा अन्य सदस्य उपस्थित थे।